an>

Title: Need to rename the 'Balrampur Railway Station' in Uttar Pradesh as 'Atal Adarsh Station, Balrampur.

श्री ददन मिश्रा (श्रावस्ती)ः मैं माननीय रेल मंत्री जी को हमारे क्षेत्र की जनता की ओर से कोटिशः धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के सम्मान में उनके प्रथम लोक सभा संसदीय क्षेत्र बलरामपुर को भारतीय रेल के बड़ी लाइन नेटवर्क से जोड़कर क्षेत्र में विकास की एक नई उम्मीद पैदा की है।

आदरणीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की कर्मस्थली बलरामपुर रही है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि बलरामपुर रेलवे स्टेशन का नाम आदरणीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के नाम पर अटल आदर्श स्टेशन बलरामपुर रखने की कृपा करें।